**जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जिपमेर), पुडुचेरी**

**1. प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना और इतिहास के बारे में:**

जिपमेर, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान(एक स्वायत्त निकाय) है, जिसमें एक तृतीयक देखभाल रेफरल अस्पताल भी है। इस संस्थान के प्रमुख कार्य निम्न प्रकार हैं:-

- स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा और परा-चिकित्सा पाठ्यक्रमों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना;
- चिकित्सा अनुसंधान में नए प्रचलनों को स्थापित करना;
- रोगियों को उच्च श्रेणी की देखभाल मुहैया कराना।

जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (जिपमेर) की स्थापना फ्रांस सरकार द्वारा वर्ष 1823 में मूल रूप से “इकोले डी मेडीसिन डी पॉन्डिचेरी” के रूप में की गई थी। पॉन्डिचेरी के भारत सरकार को वास्तविक हस्तांतरण के समय इस आयुर्विज्ञान विद्यालय के नाम को बदलकर धनवन्तरी मेडीकल कॉलेज कर दिया गया। इसी मेडिकल कॉलेज को बाद में अपग्रेड करके इसे जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (जिपमेर) का नाम दे दिया गया।

जिपमेर आपने स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए विख्यात है और यहां के पूर्व छात्रों ने दुनियाभर में विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसमें उत्कृष्ट स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं हैं और यहां इलाज कराने वाले अधिकतर रोगी निम्न सामाजिक-आर्थिक तबके से आते हैं। जिपमेर अपने सभी विभिन्न चिकित्सा विषयों में अनुसंधान को बढ़ावा देता है।

जिपमेर अस्पताल की स्थापना के समय, अर्थात 03 अप्रैल, 1966 से ही इसमें चिकित्सा अभिलेख विभाग की भी शुरूआत की गई थी। चिकित्सा अभिलेख विभाग में बाह्य रोगियों के साथ-साथ अंतरंग रोगियों के चिकित्सा अभिलेखों को सरंक्षित रखने के लिए एक केन्द्रीकृत प्रणाली है।

चिकित्सा अभिलेखों में रोगियों की देखभाल से जुड़े नैदानिक, वैज्ञानिक, प्रशासनिक और चिकित्सा-विधिक दस्तावेज़ होते हैं, जिनमें निदान को सही ठहराने, उपचार को सही साबित करने और अंतिम परिणाम से जुड़ी सभी घटनाओं की क्रम से बहुत सारी जानकारी निहित होती है।

चिकित्सा अभिलेखों से प्राप्त सूचना और उसका मूल्यांकन, किसी भी देश के समाज में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों की योजना बनाने और तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण होता है।

चिकित्सा अभिलेखों के विस्तार और उनमें निहित सूचना के प्रक्रमण के लिए अस्पताल जैसे स्वास्थ्य संस्थानों में प्रशिक्षित कार्मिकों की आवश्यकता होती है। ऐसे प्रशिक्षित चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन और चिकित्सा अभिलेख अधिकारी अस्पताल में इलाज करानेवाले बाह्य रोगियों ओर अंतरंग रोगियों के चिकित्सा अभिलेखों का कुशलतापूर्वक वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करते हैं और उनके आधार पर रूग्णता और मृत्यु का डेटा जनित करते हैं।

अस्पताल की विभागीय चिकित्सा अभिलेख संबंधी सेवाएं संपन्न करने के अलावा, यह विभाग वर्ष 1980 से एक वर्षीय चिकित्सा अभिलेख अधिकारी पाठ्यक्रम एवं छह महीने के चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन पाठ्यक्रम जैसे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित कर रहा है। इन पाठ्यक्रमों के डिप्लोमा के प्रमाणपत्र स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा जारी किए जाते हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो(सीबीएचआई), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय(डीजीएचएस), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक आसूचना स्कंध होने के नाते, यह जिपमेर, पुडुचेरी और सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली स्थित चिकित्सा अभिलेख प्रभाग और प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से चिकित्सा अभिलेख अधिकारी का एक वर्ष का और चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन का छह माह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करता है।

**चयन प्रक्रिया:**

पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो(सीबीएचआई), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय(डीजीएचएस), नई दिल्ली द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। चयन समिति उम्मीदवारों का चयन उनके भौगोलिक प्रतिनिधित्व का ध्यान रखते हुए केवल उनकी योग्यता और पात्रता के मानदंडों के आधार पर करती है। केन्द्रों के चिकित्सा अभिलेख विभाग के अध्यक्षों को चयन समिति के सदस्य के रूप में शामिल किया जा सकता है। उम्मीदवारों को प्रशिक्षण केन्द्र का आबंटन उनके द्वारा दिए गए विकल्पों को ध्यान में रखकर किया जाता है। अग्रिम रूप से दिए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाता है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु उम्मीदवारों का चयन केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो(सीबीएचआई) द्वारा किया जाता है। उम्मीदवारों की इन पाठ्यक्रम में भर्ती प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाती है।


**अनुशासन** :

प्रशिक्षण केन्द्र/संस्थान द्वारा निर्धारित अनुशासन नियमों का कड़ाई से पालन अपेक्षित होता है। किसी उम्मीदवार द्वारा अनुशासन का उल्लंघन करने पर उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

**पाठ्यविवरण(सिलेबस):**

इन प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से चलाये जा रहे चिकित्सा अभिलेख अधिकारी/चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यविवरण केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो(सीबीएचआई) द्वारा तैयार किया जाता है।

## 2. ऑरगेनोग्राम




## 3. एमआरडी, जिपमेर, पुडुचेरी संबंधी संपर्क जानकारी:

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | ईमेल आईडी | दूरभाष |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. राकेश अग्रवाल | निदेशक | director@jipmer.edu.in | 0413-227901 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | प्रो. पंकज कुन्द्रा | डीन (अकादमिक) | dean@jipmer.edu.in | 0413-2298555, 2912111 |
| 3. | डॉ. अशोक शंकर बाधे | चिकित्सा अधीक्षक | ashok.b@jipmer.edu.in | 0413-2296502 |
| 4. | डॉ. अनीता रुस्तगी | अपर चिकित्सा अधीक्षक | rustagianita@gmail.com | 0413-2296503 |
| 5. | डॉ. आर. कणगारेथिनम | प्रभारी अधिकारी, एमआरडी | drkanagarethinam@gmail.com | 0413-2298051 |

## 4. प्रशिक्षण केन्द्र के संकाय के सदस्य:

स्टाफ के निम्नलिखित सदस्यों द्वारा सिद्धांत(थ्योरी) और प्रैक्टिकल कक्षाएं ली जाती हैं:-

| क्र.सं. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती चन्द्रा अंबाज़ागन | सांख्यिकीविद् सह निदर्शक |
| 2. | श्री ए. लक्षमनन | सांख्यिकीविद् सह निदर्शक |
| 3. | श्रीमती इंदुमडी एम. | चिकित्सा अभिलेख पर्यवेक्षक |
| 4. | श्री सिवागोरूनादिन | चिकित्सा अभिलेख पर्यवेक्षक |
| 5. | श्री रविचंदिरन जी. | चिकित्सा अभिलेख पर्यवेक्षक |
| 6. | श्री मनोहरन | चिकित्सा अभिलेख पर्यवेक्षक |
| 7. | श्री मुत्थुकृष्णास्वामी एन. | चिकित्सा अभिलेख पर्यवेक्षक |
| 8. | श्री आर. मूर्ति | चिकित्सा अभिलेख पर्यवेक्षक |
| 9. | श्रीमती सोक्कामम्ले @ मनिमेगालई | चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन |
| 10. | श्री एस. मुरुगईयन | चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन |

नोट:

1. चिकित्सा अभिलेख अधिकारी(एमआरओ) प्रशिक्षणार्थियों के लिए चिकित्सा शब्दावली की कक्षाएं विभागीय स्टाफ के अलावा संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा ली जाती हैं।

2. सीबीएचआई के प्रशिक्षण कार्यक्रम की अधिसूचना को ईमेल और डाक द्वारा पुडूचेरी और तमिलनाडु के सभी निजी कॉलेजों समेत राज्य स्तर के डीएमई और डीएमएस कार्यालय को भेजी जाती है।

## 5. प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थीयों की संख्या

| 1980 से अब तक प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **पाठ्यक्रम का नाम** | **2019 तक प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की संख्या** |
| 1. | एम.आर.ओ. | 115 |
| 2. | एम.आर.टी. | 541 |
| 3. | बी.एम.आर.एससी | 74 |

## 6. हमसे संपर्क करें:


अपर चिकित्सा अधीक्षक,
चिकित्सा अभिलेख एवं प्रशिक्षण केन्द्र,
जिपमेर अस्पताल, पुडुचेरी - 605006,
ईमेल आईडी: mrd@jipmer.edu.in
दूरभाष : 0413-2296503
0413-2298051


*****